# न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अजमेर

## परिवाद संख्या 39/2025

राज्य सरकार जरिये खाद्य सुरक्षा अधिकारी
कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर

..........*प्रार्थी*

बनाम

1. श्री योगेश शर्मा पुत्र श्री छगनलाल शर्मा (विक्रेता), मैसर्स राजवीर होटल्स एण्ड रिसोर्टस प्रा. लि. (रियल हैरीटेज), चिड़िया बावड़ी नर्सरी के पीछे, एनएच–8, किशनगढ़ जिला अजमेर।
   निवासी – 97 ए, श्याम नगर विस्तार, नाड़ी का फाटक, बैनाड़ रोड, झोटवाड़ा, जयपुर जिला जयपुर
2. श्री राजवीर सिंह शेखावत पुत्र श्री उम्मेद सिंह (डायरेक्टर), मैसर्स राजवीर होटल्स एण्ड रिसोर्टस प्रा. लि. (रियल हैरीटेज), चिड़िया बावड़ी नर्सरी के पीछे, एनएच–8, किशनगढ़ जिला अजमेर।
3. श्री रतन कुमार शर्मा (डायरेक्टर), मैसर्स राजवीर होटल्स एण्ड रिसोर्टस प्रा. लि. (रियल हैरीटेज), चिड़िया बावड़ी नर्सरी के पीछे, एनएच–8, किशनगढ़ जिला अजमेर।
4. श्रीमती सुप्यार कंवर (डायरेक्टर) मैसर्स राजवीर होटल्स एण्ड रिसोर्टस प्रा. लि. (रियल हैरीटेज), चिड़िया बावड़ी नर्सरी के पीछे, एनएच–8, किशनगढ़ जिला अजमेर।
5. श्रीमती अंजू शेखावत (डायरेक्टर), मैसर्स राजवीर होटल्स एण्ड रिसोर्टस प्रा. लि. (रियल हैरीटेज), चिड़िया बावड़ी नर्सरी के पीछे, एनएच–8, किशनगढ़ जिला अजमेर।
6. मैसर्स राजवीर होटल्स एण्ड रिसोर्टस प्रा. लि. (रियल हैरीटेज), चिड़िया बावड़ी नर्सरी के पीछे, एनएच–8, किशनगढ़ जिला अजमेर।

........*अप्रार्थी*

**खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 की उप धारा (2) (II) एवं धारा 51 के तहत**

उपस्थित : श्री चन्द्रभान सिंह राठौड़, वकील अप्रार्थीगण की ओर से

### –: आदेश :–

**दिनांक– 27.08.2025**

शासन उप सचिव, कार्मिक विभाग राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक प.1(2) कार्मिक/क–4/08 दिनांक 05.04.2012 के द्वारा खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा 68 की उपधारा 1 के तहत प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए जिलो मे कार्यरत अति. जिला मजिस्ट्रेट को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत उनके अधीनस्थ कार्य क्षेत्र मे लिए न्याय निर्णयन अधिकारी नियुक्त किये जाने के फलस्वरूप खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

न्याय निर्णायक अधिकारी अजमेर

न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) अजमेर

अप्रार्थी ने अवमानक (सब स्टेण्डर्ड) पनीर का विक्रय करके [illegible] आरोप को प्रस्तुत किया कि अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2 (II) का उल्लंघन किया है, जिसके फलस्वरूप खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2 (II) का उल्लंघन किया है, निर्धारित हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने परिवाद के साथ न्याय निर्णय आवेदन, हाजरी माफी, गजट नोटिफिकेशन की प्रति, कार्य क्षेत्र नोटिफिकेशन की प्रति, पदस्थापन आदेश की प्रति, मौका फर्द, प्रपत्र 5ए, कैश मीमो, प्रपत्र 6 की जमा करवाने की प्रति, विक्रेता को दिया गया नोटिस, जाँच रिपोर्ट, विक्रेता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज, अभियोजन स्वीकृति बाबत पत्र, अभियोजन स्वीकृत पत्र की प्रतियाँ संलग्न कर प्रस्तुत की गयी।

न्यायालय हाजा मे प्रस्तुत परिवाद के अनुसार दिनांक 30.04.2025 को 05:00 पीएम पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी मैसर्स राजवीर होटल्स एण्ड रिसोर्टस प्रा. लि. (रियल हैरीटेज), चिड़िया बावड़ी नर्सरी के पीछे, एनएच–8, किशनगढ़ जिला अजमेर पर निरीक्षण हेतु पहुँचे। विक्रेता की हैसियत से श्री योगेश शर्मा मौके पर उपस्थित मिले। विक्रेता से खाद्य अनुज्ञा पत्र मांगने पर उसने प्रस्तुत किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निरीक्षण के समय डीप फ्रिज में लगभग 10 किलोग्राम पनीर आम जनता कों विक्रय हेतु रखा हुआ मिला। उक्त पनीर में गुणवत्ता का शक होने पर उनमे से नमूना जॉच हेतु 01 किलोग्राम पनीर खरीदकर 260/– रूपयें श्री योगेश शर्मा को नगद देकर गवाह श्री राजेन्द्र शर्मा के समक्ष क्रय किया जाकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मौके पर फार्म नम्बर 5ए की प्रतियां एवं फर्द रिपोर्ट तैयार करके इसकी एक प्रति अप्रार्थी श्री योगेश शर्मा को सम्भलाकर रसीद प्राप्त की। खरीदशुदा पनीर को विक्रेता के सामने 04 साफ, खाली व सूखी प्लास्टिक की बोतर में बराबर मात्रा में भरकर प्रत्येक बोतल में 20–20 बूंद डालकर एयरटाईट ढक्कन लगाकर प्रत्येक बोतल पर लेबल लगाये। चारों नमूनों को भूरे कागज में लपेट कर एवं गोन्द से चिपकाने के पश्चात लेबल पर अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर के हस्ताक्षरशुदा स्लिप नम्बर ए–4995 चिपकाने संबंधी कार्यवाही करने के बाद लिये गये नमूनों को अपने जाप्ते मे लेने के पश्चात् कार्यालय पहुँचकर फार्म नम्बर 6 की 6 प्रतियां तैयार करने एवं सील किये गये नमूने मे से एक नमूना फार्म संख्या 6 की प्रति के साथ आउटर कवर में सीलबन्द कर, खाद्य विश्लेषक, खाद्य सुरक्षा मानक प्रयोगशाला, अजमेर को स्वंय जमा कराकर रसीद प्राप्त की। दो फार्म नम्बर 6 की प्रति अलग से एक लिफाफे में बन्द कर चपड़ी से सील मोहर कर खाद्य विश्लेषक, खाद्य सुरक्षा मानक प्रयोगशाला, अजमेर को स्वंय जमा कराकर रसीद प्राप्त की। शेष दो सील बन्द नमूना मय फार्म 6 की दो प्रतियों के आउटर कवर में सील बन्द कर तथा नमूने का चौथा भाग डीओ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर को स्वयं ने जमा कराकर रसीद प्राप्त की।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने परिवाद मे यह भी उल्लेख किया है कि अभिहित अधिकारी अजमेर के पत्र क्रमांक एफएसएसए/2025/3873 दिनांक 23.05.2025 के संलग्न प्राप्त खाद्य विश्लेषक अजमेर से प्राप्त जॉच रिपोर्ट सं. एलएस/686/एक्ट/2025/706 दिंनांक 14.05.2025 अनुसार विक्रेता द्वारा वास्ते जॉच विक्रय किया गया पनीर अवमानक (सब स्टेण्डर्ड) होना पाया गया। विक्रेता द्वारा पुनः अपील नहीं की गयी। इस आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने समुचित कार्यवाही किये जाने का परिवाद इस न्यायालय मे दिनांक 17.07.2025 को प्रस्तुत किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी से प्रकरण प्राप्त होने पर दिनांक 17.07.2025 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को विधिवत नोटिस जारी कर अपना पक्ष कार्यालय हाजा मे स्वयं या उनके प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत करने हेतु पाबन्द किया गया। अप्रार्थीगण की ओर से वकील श्री चन्द्रभान सिंह राठौड़ ने वकालतनामा प्रस्तुत किया। पत्रावली बहस हेतु नियत की गयीं

नियत पेशी को वकील अप्रार्थीगण ने उपस्थित होकर लिखित प्रत्युत्तर प्रस्तुत करते हुए निवेदन किया कि अप्रार्थीगण, उक्त प्रकरण को आगे चलाना नहीं चाहते है,

न्याय निर्णायक अधिकारी अजमेर

न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) अजमेर

अधिकारी, अजमेर ने अप्रार्थी के विरूद्ध एक परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि अप्रार्थी ने अवमानक (सब स्टेण्डर्ड) पनीर का विक्रय करके खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2 (II) का उल्लंघन किया है, जिसके फलस्वरूप खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 51 मे जुर्माना निर्धारित हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने परिवाद के साथ न्याय निर्णय आवेदन, हाजरी माफी, गजट नोटिफिकेशन की प्रति, कार्य क्षेत्र नोटिफिकेशन की प्रति, पदस्थापन आदेश की प्रति, मौका फर्द, प्रपत्र 5ए, कैश मीमो, प्रपत्र 6 की जमा करवाने की प्रति, विक्रेता को दिया गया नोटिस, जाँच रिपोर्ट, विक्रेता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज, अभियोजन स्वीकृति बाबत पत्र, अभियोजन स्वीकृत पत्र की प्रतियाँ संलग्न कर प्रस्तुत की गयी।

न्यायालय हाजा मे प्रस्तुत परिवाद के अनुसार दिनांक 30.04.2025 को 05:00 पीएम पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी मैसर्स राजवीर होटल्स एण्ड रिसोर्टस प्रा. लि. (रियल हैरीटेज), चिड़िया बावड़ी नर्सरी के पीछे, एनएच–8, किशनगढ़ जिला अजमेर पर निरीक्षण हेतु पहुँचे। विक्रेता की हैसियत से श्री योगेश शर्मा मौके पर उपस्थित मिले। विक्रेता से खाद्य अनुज्ञा पत्र मांगने पर उसने प्रस्तुत किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निरीक्षण के समय डीप फ्रिज में लगभग 10 किलोग्राम पनीर आम जनता कों विक्रय हेतु रखा हुआ मिला। उक्त पनीर में गुणवत्ता का शक होने पर उनमे से नमूना जॉच हेतु 01 किलोग्राम पनीर खरीदकर 260/– रूपयें श्री योगेश शर्मा को नगद देकर गवाह श्री राजेन्द्र शर्मा के समक्ष क्रय किया जाकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मौके पर फार्म नम्बर 5ए की प्रतियां एवं फर्द रिपोर्ट तैयार करके इसकी एक प्रति अप्रार्थी श्री योगेश शर्मा को सम्भलाकर रसीद प्राप्त की। खरीदशुदा पनीर को विक्रेता के सामने 04 साफ, खाली व सूखी प्लास्टिक की बोतर में बराबर मात्रा में भरकर प्रत्येक बोतल में 20–20 बूंद डालकर एयरटाईट ढक्कन लगाकर प्रत्येक बोतल पर लेबल लगाये। चारों नमूनों को भूरे कागज में लपेट कर एवं गोन्द से चिपकाने के पश्चात लेबल पर अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर के हस्ताक्षरशुदा स्लिप नम्बर ए–4995 चिपकाने संबंधी कार्यवाही करने के बाद लिये गये नमूनों को अपने जाप्ते मे लेने के पश्चात् कार्यालय पहुँचकर फार्म नम्बर 6 की 6 प्रतियां तैयार करने एवं सील किये गये नमूने मे से एक नमूना फार्म संख्या 6 की प्रति के साथ आउटर कवर में सीलबन्द कर, खाद्य विश्लेषक, खाद्य सुरक्षा मानक प्रयोगशाला, अजमेर को स्वंय जमा कराकर रसीद प्राप्त की। दो फार्म नम्बर 6 की प्रति अलग से एक लिफाफे में बन्द कर चपड़ी से सील मोहर कर खाद्य विश्लेषक, खाद्य सुरक्षा मानक प्रयोगशाला, अजमेर को स्वंय जमा कराकर रसीद प्राप्त की। शेष दो सील बन्द नमूना मय फार्म 6 की दो प्रतियों के आउटर कवर में सील बन्द कर तथा नमूने का चौथा भाग डीओ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर को स्वयं ने जमा कराकर रसीद प्राप्त की।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने परिवाद मे यह भी उल्लेख किया है कि अभिहित अधिकारी अजमेर के पत्र क्रमांक एफएसएसए/2025/3873 दिनांक 23.05.2025 के संलग्न प्राप्त खाद्य विश्लेषक अजमेर से प्राप्त जॉच रिपोर्ट सं. एलएस/686/एक्ट/2025/706 दिंनांक 14.05.2025 अनुसार विक्रेता द्वारा वास्ते जॉच विक्रय किया गया पनीर अवमानक (सब स्टेण्डर्ड) होना पाया गया। विक्रेता द्वारा पुनः अपील नहीं की गयी। इस आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने समुचित कार्यवाही किये जाने का परिवाद इस न्यायालय मे दिनांक 17.07.2025 को प्रस्तुत किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी से प्रकरण प्राप्त होने पर दिनांक 17.07.2025 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को विधिवत नोटिस जारी कर अपना पक्ष कार्यालय हाजा मे स्वयं या उनके प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत करने हेतु पाबन्द किया गया। अप्रार्थीगण की ओर से वकील श्री चन्द्रभान सिंह राठौड़ ने वकालतनामा प्रस्तुत किया। पत्रावली बहस हेतु नियत की गयीं

नियत पेशी को वकील अप्रार्थीगण ने उपस्थित होकर लिखित प्रत्युत्तर प्रस्तुत करते हुए निवेदन किया कि अप्रार्थीगण, उक्त प्रकरण को आगे चलाना नहीं चाहते है,

न्याय निर्णायक अधिकारी
अजमेर

न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) अजमेर

अप्रार्थीगण अपना जुर्म स्वीकार कर प्रकरण का लोक अदालत की भावना से निस्तारण करना चाहते है। अतः प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाकर प्रकरण का निस्तारण किया जावे।

हमने लिखित प्रत्युत्तर, पत्रावली एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दिये गये परिवाद का अवलोकन किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किये गये परिवाद से यह स्पष्ट है कि अप्रार्थी द्वारा वास्ते नमूना जाँच हेतु विक्रय किया गया पनीर अवमानक (सब स्टेण्डर्ड) पाया गया है। परिवाद मे वर्णित तथ्यों एवं संलग्न दस्तावेजो खाद्य विश्लेषक, अजमेर की जॉच रिपोर्ट के आधार पर विक्रय किया गया पनीर अवमानक (सब स्टेण्डर्ड) होना पाया गया, जिसके लिए अप्रार्थी दोषी प्रतीत होता है।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि अप्रार्थी श्री योगेश शर्मा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2 (ii) के तहत अवमानक (सब स्टेण्डर्ड) खाद्य पदार्थ बेचने का दोषी हैं। जिसके लिए उपरोक्त अधिनियम की धारा 51 में अवमानक (सब स्टेण्डर्ड) पदार्थ पाये जाने पर शास्ति आरोपित किये जाने का प्रावधान किया हुआ है। चूकिं अप्रार्थी प्रतिष्ठान से पूर्व में भी पनीर का सैम्पल अवमानक (सब स्टेण्डर्ड) पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर निर्णय उपरान्त अप्रार्थीगण पर शास्ति आरोपित की गयी है। अप्रार्थीगण द्वारा पुनः अपराध कारित किया गया है, अतः न्याय हित में इस चेतावनी के साथ उन्हें हिदायत दी जाती है कि वे भविष्य में इस प्रकार का अपराध पुनः कारित नहीं करेंगें। उपरोक्त प्रावधान को मद्देनजर रखते हुए अप्रार्थीगण को जुर्माने के दण्ड से दण्डित किया जाना उचित प्रतीत होता है। अप्रार्थी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और विनियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2 (ii) का उल्लंघन करने एवं अपराध कारित होने के फलस्वरूप उक्त अधिनियम की धारा 51 के अन्तर्गत अप्रार्थीगण पर रु. **15,000/– (अक्षरे रूपये पन्द्रह हजार मात्र)** शास्ति आरोपित की जाती है।

अप्रार्थी उपरोक्त शास्ति राशि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर के नाम ई ग्रास चालान के माध्यम से निर्णय दिनांक 27.08.2025 के एक माह के अन्दर राजकोष में जमा कराकर रसीद प्राप्त करे।

निर्णय लिखाया जाकर आज दिनांक 27.08.2025 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

**(ज्योति ककवानी)**
**न्याय निर्णायक अधिकारी एवं**
**अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अजमेर**
**अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) अजमेर**

न्याय निर्णायक अधिकारी अजमेर

क्रमांक :सरिस्ता/अपर/2025/4809-16 दिनांक : 28/8/25

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं निदेशक (जन.स्वा.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान जयपुर।
2. अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी व स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर।
3. सयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वाथ्य सेवाऐं जोन अजमेर।
4. श्री योगेश शर्मा पुत्र श्री छगनलाल शर्मा (विक्रेता), मैसर्स राजवीर होटल्स एण्ड रिसोर्टस प्रा. लि. (रियल हैरीटेज), चिड़िया बावड़ी नर्सरी के पीछे, एनएच–8, किशनगढ़ जिला अजमेर।
   निवासी – 97 ए, श्याम नगर विस्तार, नाड़ी का फाटक, बैनाड़ रोड, झोटवाड़ा, जयपुर जिला जयपुर
5. श्री राजवीर सिंह शेखावत पुत्र श्री उम्मेद सिंह (डायरेक्टर), मैसर्स राजवीर होटल्स एण्ड रिसोर्टस प्रा. लि. (रियल हैरीटेज), चिड़िया बावड़ी नर्सरी के पीछे, एनएच–8, किशनगढ़ जिला अजमेर।
6. श्री रतन कुमार शर्मा (डायरेक्टर), मैसर्स राजवीर होटल्स एण्ड रिसोर्टस प्रा. लि. (रियल हैरीटेज), चिड़िया बावड़ी नर्सरी के पीछे, एनएच–8, किशनगढ़ जिला अजमेर।

7. श्रीमती सुप्यार कंवर (डायरेक्टर) मैसर्स राजवीर होटल्स एण्ड रिसोर्टस प्रा. लि. (रियल हैरीटेज), चिड़िया बावड़ी नर्सरी के पीछे, एनएच–8, किशनगढ़ जिला अजमेर।
8. श्रीमती अंजू शेखावत (डायरेक्टर), मैसर्स राजवीर होटल्स एण्ड रिसोर्टस प्रा. लि. (रियल हैरीटेज), चिड़िया बावड़ी नर्सरी के पीछे, एनएच–8, किशनगढ़ जिला अजमेर।
9. मैसर्स राजवीर होटल्स एण्ड रिसोर्टस प्रा. लि. (रियल हैरीटेज), चिड़िया बावड़ी नर्सरी के पीछे, एनएच–8, किशनगढ़ जिला अजमेर।

न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) अजमेर